हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 16 अप्रैल 2024

04 छात्रों और शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर...



08 सुषमा स्वराज के रेल लाइन के सपने (घोषणा) ...





## खबर संक्षेप

### 16 से 28 अप्रैल के बीच मंडी में 6 दिन अवकाश

**विदिशा।** कृषि उपज मंडी में 16 से 28 अप्रैल के बीच 6 दिनों तक नीलामी नहीं होगी। आज 16 अप्रैल को अष्टमी के चलते मंडी बंद रहेगी। वहीं 17 अप्रैल बुधवार को रामनवमीं का अवकाश रहेगा। इसके बाद 21 अप्रैल को रविवार होने के कारण मंडी में नीलामी नहीं होगी। फिर एक दिन मंडी खुलने के बाद 23 अप्रैल मंगलवार को हनुमान जयंती का अवकाश रहेगा। 27 अप्रैल को चौथा शनिवार होने से बैंक बंद रहने के कारण मंडी बंद रहेगी। 28 अप्रैल को रविवार फिर मंडी में नीलामी नहीं होगी।

### शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**विदिशा।** स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से संचालित शैक्षणिक कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को आयोजित की गई है। यह बैठक जिला पंचायत के सभागार कक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

### आज पीएचई के कामों की समीक्षा करेंगे कलेक्टर

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यो समीक्षा करेंगे। बैठक कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में शाम 4 बजे से शुरू होगी। लोक स्वास्थ्या यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री संतोष साल्वे ने बताया कि बैठक में विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ समस्त ठेकेदार भी मौजूद रहेंगे।

### पीएम जनमन आवासों का जायजा

**विदिशा।** पीएम जनमन योजना के तहत चिन्हित सहरिया जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्यो का प्रदेश के पीएम आवास योजना के संचालक केदार सिंह ने जायजा लिया। ग्राम बागरी के आजादनगर के रहवासियों के लिए 46 आवास स्वीकृत किए गए हैं जिसमें से 14 हितग्राहियों के आवासों का निर्माण चल रहा है। कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने पीएम जनमन आवासों के निर्माण कार्यो से संबंधित जानकारियां संचालक को दीं। इस दौरान हितग्राहियों से चर्चा कर आवासों के निर्माण कार्यो की प्रगति व गुणवत्ता की जानकारियां हासिल कीं।

### निर्वाचन कर्मियों को कैश लेस उपचार की सुविधाएं

**विदिशा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया की निर्वाचन में तैनात पुलिस एवं मतदान अधिकारियों, कर्मचारियों को चुनाव कार्य के दौरान घायल होने की स्थिति में उन्हें कैशलेस उपचार तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर श्री वैद्य ने मेडिकल कॉलेज जिला चिकित्सालय सहित अन्य अधिकृत चिकित्सालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजकर निर्देश भी दिए हैं। ताकि ऐसी किसी भी स्थिति में चुनाव कार्य में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा आसानी से मुहैया हो सके।

### सड़क हादसे में एक की मौत, 2 घायल हुए

**विदिशा।** बीती रात बैरसिया रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवकों में से एक की मौत हो गई। सोमवार को शव का पीएम कराया गया। ललितपुर निवासी भरत सिंह यादव विदिशा में राहुल के साथ रहते थे और ड्राइवरी का काम किया करते थे। रविवार रात दुर्घटना में भरत सिंह की मौत हो गई। जबकि राहुल और उनका एक अन्य साथी घायल है। इसका इलाज चल रहा है।

### विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स को मिला अवार्ड

**विदिशा।** एमपी एनसीसी बटालियन विदिशा के कमान अधिकारी शौर्य चक्र कर्नल विकास गुप्ता ने जूनियर बेस्ट कैडेट्स अवार्ड उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा के छात्रों को प्रदान किया।

---

**घटनाः सोमवार सुबह करीब 3 बजे बागरोद चौराह संस्कार वेयर हाउस के पास दर्दनाक हादसा**

# रात 3 बजे बेकाबू ट्रक ने टक्कर मारी, ट्रॉली के नीचे दबे छह किसान, दो भाईयों की मौत

- घटना के बाद ट्रक चालक व क्लीनर मौके से फरार हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार सुबह करीब 3 बजे सागर-विदिशा हाईवे पर बागरोद चौराह संस्कार वेयर हाउस के पास एक ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। इनमें से पचपीपरा गांव निवासी दो युवाओं की ट्रॉली के नीचे दबने से मौत हो गई। दोनों आपस में सगे भाई थे।

हादसे में 6 किसान ट्रॉली के नीचे दब थे जिनमें से दो की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं चार गंभीर बताए जा रहे हैं। सभी को जेसीबी की मदद से निकाला गया। हादसे के बाद सभी घायलों को विदिशा अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने रवि कुर्मी (19) और कृष्णकांत कुर्मी (17) को मृत घोषित कर दिया। 13 दिन बाद 28 अप्रैल को इनकी बहन की शादी है। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर और क्लीनर मौके से फरार हो गए।

संस्कार वेयर हाउस समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र पर रविवार शाम 6 बजे तक आई ट्रॉलियों को वेयर हाउस कैंपस के भीतर एंट्री मिल गई। इसके बाद जो ट्रॉलियां आईं वह हाईवे किनारे खड़ी थीं। आधी रात के बाद करीब 3 बजे रहे थे। तभी सागर की ओर से तेज रफ्तार ट्रक बेकाबू होता आया और सबसे पहले सड़क किनारे खड़ी ट्रॉली में टक्कर मारी फिर दूसरे वाहनों को चपेट में लिया। दो ट्रैक्टर और एक पिकअप वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीएम विजय राव, एसडीओपी मनोज कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। गुस्साए किसानों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। पुलिस के समझाने के बाद किसान सड़क से उठे और चक्काजाम खत्म किया।

### मेरे बेट के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए

किसान संतोष कुमार ने बताया कि रात में करीब 3 बजे सागर की ओर से एक ट्रक आया। ट्रक ने पहले ट्रॉली को टक्कर मारी, जिससे पाल फट गया। उसमें रखी मसूर बिखर गई। उसके बाद उसने हमारे ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रॉली में दो बच्चे बैठे थे, दोनों उछल कर गिरे तो एक बेटे के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए। एक को हल्की चोट आई हैं। उसके बाद एक और ट्रेक्टर व पिकअप में टक्कर मारी तो दो युवाओं की मौके पर ही मौत हो गई।



कस्बा बागरोद। इस तरह हुए हादसे में दो किसानों की मौत हुई।

### इसलिए हुआ हादसाः मसूर और सरसों की खरीदी का सिर्फ एक केंद्र, लग रही लाइन

हादसे के बाद चक्काजाम कर रहे किसानों ने बताया की मसूर और सरसों की खरीदी केंद्र सिर्फ एक ही केंद्र है। इसलिए खरीदी केंद्र पर किसानों की भीड़ लग रही है। किसानों को हाईवे पर सड़क किनारे लाइन लगाकर खड़ा होना पड़ रहा है। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार अवधेश यादव ने किसानों को आश्वासन दिया है की एक और अन्य वेयर हाउस में खरीदी शुरू कराने के लिए कलेक्टर से चर्चा की जा रही है। आदेश जारी होने के बाद एक अन्य वेयर हाउस पर भी खरीदी शुरू करा दी जाएगी। जिससे किसानों को लाइन न लगाना पड़ा। उन्होंने बताया की कृषक कल्याण योजना के तहत चार- चार लाख रुपए की राशि जारी कराई जाएगी। पटवारी को मृतक किसानों के दस्तावेज एकत्रित करने निर्देश दिए हैं। हादसे में मुरहार गांव निवासी, मुन्ना कुर्मी, राजू कुर्मी, श्रीकांत कुर्मी तरावली गंभीर घायल हैं।

### रवि कुर्मी पर थी परिवार की जिम्मेदारी



पचपीपरा गांव के रवि के चचेरे भाई प्रमोद कुर्मी का कहना है कि बड़े पिता जी बीमार रहते हैं। इस कारण घर की पूरी जिम्मेदारी रवि पर ही थी। वही, खेत से लेकर बाहर का पूरा काम किया करता था। परिवार का सहारा चला गया है। दो भाइयों की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कृष्णकांत का पुलिस में जाने का था सपना



कृष्णकांत का पुलिस में जाने का सपना था। 11वीं का रिजल्ट आया था। मसूर बेचने के लिए मंडी गए थे। रात में ट्रॉली पर ही दोनों भाई रवि और श्रीकांत सो गए थे। ट्रक आया और दोनों को चपेट में ले लिया। 28 अप्रैल को बहन की शादी थी, दोनों भाई उसी की तैयारी में जुटे हुए थे। हम चाहते हैं कि परिवार को सरकार की ओर से सहायता दी जाए।

---

# ईद के दिन सालेहा ने ऊदल को घर बुलाकर पति से कराई थी हत्या

**मृतक के भाई का आरोपः तालिबानी तरीके से सजा देकर हत्या की गई, हत्या से पहले अंग काटे गए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

नगर कुरवाई के वार्ड नंबर 2 निवासी 28 वर्षीय ऊदल बागड़ी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। युवक की हत्या प्रेमिका के पति और दोस्त के साथ मिलकर ईद के दिन घर बुलाकर कराई थी।

हत्या करने के बाद लाश को घर में 24 घंटे तक छिपाकर रखा फिर पिता और पति के साथ लाश को बोरी में भरकर हाथ ठेला से जरगुआ के रास्ते पर नाले में पत्थर से बांधकर फिकवा दिया। ईद के दिन आरोपी ने रात 11 बजे ऊदल को फोन करके अपने घर बुलाया था। इसके बाद महिला, पति और पति के दोस्त ने ऊदल के गले में रस्सी बांधकर हत्या की। लाश 24 घंटे घर के अंदर छुपाए रखा। 12- 13 तारीख की रात करीबन 1 बजे लाश को ठिकाने लगाने का प्रयास किया, लेकिन घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई। महिला सड़क पर मुंह पर नकाब पहनकर रेकी कर रही थी। उसके परिजन मृतक की लाश को बोरी में बांधकर हाथ ठेले पर ले जाते हुए सीसीटीवी में दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों पर भादंवि की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया। जिसमें सालेहा पत्नी मुस्तफा खान, जावेद पिता साबिर खान, भूरा उर्फ आसिफ पिता अकील खान, साबिर खान पिता मोहम्मद खान को गिरफ्तार कर लिया है। शेष दो आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

### पुलिस ने अंतिम दर्शन तक नहीं करने दिए

पुलिस ने तीन डॉक्टरों की पैनल से पोस्टमार्टम कराया। जिसमें करीबन 2 से 3 दिन पूर्व गला दबाकर हत्या करना पाया गया। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया की मृतक की अमानवीय तरीके से हत्या की गई। हत्या के पूर्व मृतक को तालिबानी तरीके से प्रताड़ित कर गुप्तांग को काट दिया गया था। मृतक के भाई ने बताया की प्रशासन ने अंतिम दर्शन नहीं करने दिए। पोस्टमार्टम के बाद भाई की प्लास्टिक की थैली में पैक बॉडी को सीधे अंतिम संस्कार के लिए ले गए।

**मृतक के मोहल्ले में लगाता रहा सब्जी का ठेलाः** आरोपी हत्या करने के बाद मृतक के मोहल्ले में आलू प्याज का ठेला लगाता रहा। ताकि किसी को शक न हो। ऊदल बागड़ी 11 तारीख की रात से गायब था। परिजनों ने 13 अप्रैल को थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मृतक के छोटे भाई की 18 अप्रैल को शादी होना है। मृतक का परिवार शादी के कार्यक्रमों में व्यस्त था।

---

## कलेक्ट्रेट की छत पर रखी पानी की टंकियों की नहीं हुई सफाई, इन्हे से वाटर कूलरों में सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्ट्रेट कार्यालय की छत पर लगी पानी की टंकियों की साफ सफाई महीनों से नहीं हुई है। टंकियों में गंदगी भरी पड़ी है। इन्ही पानी की टंकियों से वाटर कूलरों में पानी की सप्लाई की जा रही है और यह पानी कलेक्ट्रेट के कर्मचारी व आवेदन देने आने वाले ग्रामीण पी रहे हैं। कलेक्ट्रेट में नीचे चार आरओ लगे हुए हैं। कलेक्ट्रेट में पानी की टंकियों की साफ सफाई जीवन कुशवाह द्वारा की जाती थी। लेकिन कुछ समय पहले उनकी मृत्यु हो गई। इसके कारण अब टंकियों की सफाई का काम बंद हो गया है।

## छात्रवृत्ति का भुगतान एमपी टास पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा

**विदिशा।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत छात्रवृत्ति का भुगतान एमपी टास पोर्टल के माध्यम से निर्धारित प्रक्रिया अनुसार किया जा रहा है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मप्र शासन जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा जारी कार्यवाही के परिपालन में विभागीय आदेश 14 मार्च 2024 में आंशिक संशोधन करते हुए पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति आवेदनों का सत्यापन एमपी टास पोर्टल पर संबंधित शासकीय नोडल अधिकारी, नोडल प्राचार्य (उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, कौशल विकास विभाग, आयुष विभाग इत्यादि विभागों से संबद्ध) द्वारा किया जाएगा।

## सीएम हेल्पलाइन के मामलों में विभाग ए ग्रेड सूची में रहे, ऐसा नहीं हुआ तो विभाग के जिलाधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

**कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए सख्त निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण मामलों में तेजी लाने के निर्देश विभागों के जिलाधिकारियों को दिए हैं।

कलेक्टर श्री वैद्य ने सीएम हेल्पलाइन के मामलों में जिले के सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ए ग्रेड सूची में जो विभाग शामिल नहीं रहेगा उस विभाग के जिलाधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संतुष्टि से प्रकरणों के निराकरण मामलों में पचास प्रतिशत अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन फायनल रैंकिंग सूची जारी होने से पहले विदिशा जिला प्रदेश के टॉप-5 जिलो में शामिल रहता है किन्तु रैंकिंग तिथि के दिन सात-आठ से नीचे हो जाता है। सभी विभागों के जिलाधिकारी विभागीय ग्रेडिंग सूची में सुधार लाएं ताकि जिला अपने आप प्रदेश में अव्वल हो जाए।



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य।

### कई विभागों की साप्ताहिक प्रगति शून्य

कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि अनेक विभागों की साप्ताहिक प्रगति शून्य हो रही है। इससे यह प्रतीत होता है कि संबंधित विभाग के जिलाधिकारी के साथ-साथ खंड व ग्राम स्तरीय अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा भी आवेदनों के निराकरण मामलों में रुचि नहीं ली गई है। यह अच्छी बात नहीं है। उन्होंने ऐसे विभागों के जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कठोर व दंडात्मक कार्रवाई से बचना है तो प्रगति हासिल करना अनिवार्य है। इसके अलावा विधानसभा चुनाव को लेकर भी कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया गया

**विदिशा।** जिले की पांचो विधानसभाओं के विभिन्न मतदान केन्द्रों में सास-बहू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रसारण किया गया है, खासकर महिला मतदाता शत प्रतिशत मतदान करें पर बल दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में सास-बहू सम्मेलन कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदान करने के संदेशों का प्रसारण कार्य किया गया है। जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों में महिलाओं द्वारा सास बहू सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता समेत संगीतमय कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान दिवस 7 मई को नियत मतदान केंद्र पहुंचकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया है। सास-बहू सम्मेलन कार्यक्रम अंतर्गत लोकतंत्र हम सब की जिम्मेदारी समेत मतदाता जागरूकता आधारित अन्य स्लोगन बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए जिले के समस्त नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ ग्राम पंचायत कांचरोद, नटेरन, आंगनबाड़ी केंद्र सीहोरा, केशवपुर, गुलरखेड़ी, लाला खेड़ी, दैलाखेड़ी, खामखेड़ा कस्बा, दुधावरी समेत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदान करने का संदेश दिया गया है। जिले में हुए सास-बहू सम्मेलन कार्यक्रम में आंगनबाड़ी क्षेत्र अंतर्गत आने वाली सास-बहूएं शामिल हुईं। आंगनबाड़ी केन्द्रों में मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए विभिन्न प्रकार की आकर्षक साज-सज्जा व रंगोली सजाई गई थी।

## प्रशासनिक दल ने किया निरीक्षण

**हैदरगढ़।** सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने थाना हैदरगढ़ एसएसटी प्वाइंट बॉर्डर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। जिसमें अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे, गंजबासोदा एसडीओपी मनोज मिश्रा, हैदरगढ़ थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह आदि ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की सभी सावधानी बरतें और आदर्श आचार संहिता और चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन कराया जाए। एसएसटी चेक पोस्ट से कोई भी संदिग्ध वाहन बिना चैकिंग के निकलना नहीं चाहिए। संदिग्ध धनराशि, अवैध मादक पदार्थ और ऐसी वस्तुओं को जब्त करें, जिनसे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना हो।



**विभिन्न आयु वर्ग में बालाजी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन**

# स्प्रिंगफील्ड स्कूल में हुए रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार की शाम को स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में खेले जा रहे बालाजी ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में विदिशा के विभिन्न आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के रोमांचक फायनल मुकाबले हुए।

13 वर्ष के मुकाबले में शिवांश पचौरी ने दिव्य कटारे को 21- 9, 21- 7 से पराजित कर जीत हासिल की। 21 वर्ष आयु वर्ग में शुभ कटारे ने समछ सक्सेना को पराजित कर जीत हासिल की। 21 वर्ष आयु वर्ग में गर्ल्स का खिताब दासता जैन ने वैष्णवी श्रीवास्तव को पराजित कर जीता। इसी आयु वर्ग में डबल्स में समक्ष सक्सेना और वेदांत ने आउषमान प्रताप सिंह और आदेश समैया को संघर्षपूर्ण मुकाबले में खिताब हासिल किया। ओपन वर्ग में सिंगल्स का खिताब स्प्रिंगफील्ड के नलिन कुमार ने रवि यादव को 21- 15, 22- 20 से कड़े मुकाबले में पराजित कर जीता। वहीं डबल्स का खिताब रवि यादव और दिव्य जैन की जोड़ी ने मसूद खान और शुभ कटारे को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की। चालीस वर्ष आयु वर्ग में सिंगल्स का खिताब नितिन गंभीर नेअजहर को पराजित कर जीता। डबल्स का खिताब नितिन गंभीर और अजहर की जोड़ी ने मसूद खान और योगेश भरसट को संघर्षपूर्ण मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की।




55 वर्ष आयु वर्ग में सिंगल्स का खिताब स्प्रिंगफील्ड के योगेंद्र राणा ने राम कुमार शर्मा को 20- 22,21- 14,21- 12 से पराजित कर जीता, वहीं डबल्स का खिताब मसूद खान और योगेंद्र राणा की जोड़ी ने रामकुमार शर्मा और दिलीप डलवानी को मुकाबले में पराजित कर जीत हासिल की। स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल परिसर में बैडमिंटन का महत्वपूर्ण और रोमांचक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया जिसके कारण आने वाले समय में नए युवा खिलाड़ियों और बच्चों को प्रोत्साहन मिलेगा।

## ओलम्पस हाई स्कूल में साइबर सिक्यूरिटी पर सेमिनार आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सागर रोड स्थित ओलम्पस हाई स्कूल द्वारा सेमीनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे इंदौर से आए नेशनल लेवल साइबर सिक्यूरिटी एक्सपर्ट प्रोफेसर गौरव रावल।

गौरव रावल ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से साइबर क्राइम के बारे में अनजान होने के कारण कई प्रकार की गलतियां कर बैठते हैं। फेसबुक, व्हाट्स एप इत्यादि को गलत रूप से इस्तेमाल कर कई तरह की धाराओं के अंतर्गत दोषी हो सकते हैं और आर्थिक पेनाल्टी के साथ-साथ जेल भी हो सकती है। कार्यक्रम में ओलम्पस हाई के कक्षा 8 से 12 के 250 विद्यार्थि शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल उप प्राचार्या प्रियंका सिंह ने अपने स्वागत उदबोधन में बताया कि गौरव रावल को 2022 में एप्लाइड फॉरेंसिक रिसर्च साइंसेज द्वारा राष्ट्रीय पुरुस्कार भी दिया जा चुका है। गौरव रावल का इंदौर से विदिशा आकर बच्चों को मार्गदर्शन देना काबिले तारीफ है. कार्यक्रम में ओलम्पस हाई के संचालक मोहित रघुवंशी, प्राचार्या प्राची रघुवंशी सहित कई स्टाफ व शिक्षक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### त्योंदा स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के हाल-बेहाल




**त्योंदा।** स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा वेतन को लेकर की जा रही हड़ताल के चलते त्योंदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बुरे हाल हैं। जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, नॉर्मल डिलीवरी वाली महिलाओं को भी रेफर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के तीन माह से ठेकेदार द्वारा पेमेंट नहीं की गई जिससे कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे ग्रामीण अंचलों से स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार कराने आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### वरिष्ठ कार्यकर्ता से की मुलाकात



**गंजबासौदा।** गत दिवस पूर्व मुख्यमंत्री के सुपुत्र कार्तिकेय चौहान ने कस्बा बागरोद में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बलिराम यादव के निवास पर पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना। बताया जाता है वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बलिराम यादव की उम्र 90 वर्ष है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पद यात्रा की थी उसी समय से डॉ यादव उनके करीबी माने जाते हैं और सदा पार्टी को सेवाएं देते हैं। इसी कारण कार्तिकेय ने उनके निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। कार्यक्रम में अरविंद श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, दीपक यादव ,गुड्डू कुर्मी , हरिओम यादव धामनोद, अभिषेक यादव, विष्णु यादव आदि उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनके साथ विदिशा के श्याम सुंदर शर्मा, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, रोहित भावसार, प्रमोद यादव, डॉक्टर अनिल शर्मा,संजय रघुवंशी आदि उपस्थित।

### मतदाताओं को किया जागरूक

**गंजबासौदा।** मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत सोमवार को वार्ड क्रमांक 13 की आंगनवाड़ी केंद्र पर स्वीप गतिविधि अंतर्गत सास बहू सम्मेलन एवं महिला संगीत का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वार्ड की सभी महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना था। जिसमें वार्ड की सभी महिलाओं ने अपना अपना मतदान करने की बात कही। कार्यक्रम में महिला बाल विकास सुपरवाइजर भारती दांगी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आभा शर्मा, स्कूल प्रधाध्यापक ओम स्वरूप जैन, प्राथमिक शिक्षक सीमा ठाकुर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं वार्ड की महिलाये उपस्थित थीं।



## तौल कराने केन्द्र के बाहर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में ट्रक ने मारी टक्कर

# ट्रक की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत, चार अन्य ग्रामीण गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। बागरोद के पास हाईवे पर बीती रात हुए एक हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। उनके घर में कुछ दिन बाद बेटी की शादी थी और इस हादसे में परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। उधर हादसे में चार अन्य लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया है। जिस जगह यह हादसा हुआ है, उसी स्थान पर गत वर्ष भी इसी तरह का एक जानलेवा हादसा हो चुका है। इसके बाद भी प्रशासन नहीं जागा। प्राप्त जानकारी के अनुसार बागरोद से 2 किमी दूर संस्कार वेयर हाउस पर समर्थन मूल्य पर उपज की खरीदी चल रही है। जहां मसूर की उपज तुलवाने ग्राम पचपीपरा निवासी मनमोहन कुर्मी का 20 वर्षीय पुत्र रवि और 16 वर्षीय पुत्र कृष्णकांत अपने ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर पहुंचे थे। वे अन्य ट्रैक्टर ट्रॉली चालकों के साथ मुख्य मार्ग पर लाइन में खडे थे। तभी ट्रक क्रमांक एमपी 15 जेडबी 9626 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लाइन में खडे ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर ट्रक चढा दिया। इस दुर्घटना में रवि और कृष्णकांत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मुराहर निवासी राजू कुर्मी 20 वर्ष, इमरत 50 वर्ष, श्रीकांत कुर्मी 22 वर्ष, अंशु कुर्मी 16 वर्ष को गंभीर चोटें आई हैं। ट्रक में जिंस भरा हुआ है, जो सागर से गुजरात की ओर जा रहा था। भीषण हादसे के बाद जेसीव्ही मशीन की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे दोनों युवकों को मृत अवस्था में ही बाहर निकाला गया। यहां उल्लेखनीय है कि आगामी 28 अप्रैल को रवि और कृष्णकांत की बहन की शादी है और दोनों भाई शादी की तैयारियों के बीच उपज तुलवाने पहुंचे थे। इस हादसे के बाद गांव सहित पूरे इलाके में शोक व्याप्त हो गया और सोमवार को पचपीपरा के घरों के चूल्हे भी नहीं जले। ज ज्ञात हो कि गत वर्ष भी इसी वेयर हाउस पर एक ट्रक की चपेट में आने से एक ट्रैक्टर चालक और ट्रक ड्रायवर की मौत हो गई थी। वह ट्रैक्टर ट्रॉली भी वेयर हाउस के पास मुख्य मार्ग के किनारे खडा था और बीती रात भी दर्जनों ट्रैक्टर ट्रॉली इसी तरह मुख्य मार्ग पर लाइन में खडे थे।

उधर इस दुर्घटना के बाद जनपद सदस्य रानी देवेन्द्र रघुवंशी ने जिला कलेक्टर को पत्राचार करते हुए खरीदी केन्द्र के अंदर किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली व्यवस्थित तरीके से खडे करवाकर तुलाई कराने की मांग की है। जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होने कहा कि यदि इसी वेयर हाउस बाहर न होकर परिसर में ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े होते तो किसी किसान के घर के चिराग नहीं बुझते।

वहीं क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी को इस हादसे की जानकारी मिली तो वह भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राकेश सिंह जादौन के साथ शोकाकुल परिवार के यहां सांत्वना देने के लिए पहुंचे। उन्होने मृतक के परिवार को ढंढास देते हुए इस मुश्किल घड़ी में पूरे परिवार को सहयोग करने का भी आश्वासन दिया है। विधायक द्वारा 10 हजार रूपये की राशि भी पीडित परिवार को अन्त्येष्टी के लिए प्रदान की है। विधायक ने इस पूरे मामले की जानकारी एसडीएम विजय राय से भी ली है और पीडित परिवार की शासन स्तर से मदद दिलाने के लिए कहा है। एसडीएम विजय राय ने बताया कि दोनों मृतकों के परिजनों को कृषक कल्याण योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि दिलाने के लिए मांग पत्र भेजा है और घायलों की मेडीकल रिपोर्ट के बाद आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। एसडीएम विजय राय ने बताया कि इस तरह की घटनाओं की पुनर्रावृत्ति न हो इसके लिए ऐसे वेयर हाउस जिनके किनारे ट्रैक्टर ट्रॉलियां खड़ी हुई हैं, वह वेयर हाउस के ही परिसर में खड़ी हों, इसकी व्यवस्था करने की निर्देश जारी कर दिए हैं।

## छात्रों और शिक्षकों ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदान की शपथ दिलाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे स्वीप अभियान के तहत स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल में एनएसएस बालक-बालिका ईकाई के स्वयं सेवकों द्वारा मतदान जागरुकता गतिविधियों का संचालन किया गया। इसके अन्तर्गत संस्था प्रबंधन एवं शिक्षकों के निर्देशन में स्कूली छात्र-छात्राओं और शिक्षक परिवार द्वारा मानव श्रंखला तैयार की गई। जिसके माध्यम से राष्ट्रीय एकता एवं लोकतंत्र के महापर्व में एकजुटता के साथ मतदान करने का संकल्प लिया गया। संस्था प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को अनिवार्य एवं लोक कल्याण के लिए मतदान में सम्मिलित होने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी सहित परिवार के वयस्क मतदाता भाईयों और बहनों को मतदान की आवश्यकता के प्रति जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित करें। इस दौरान छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लोकतंत्र के महापर्व को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सफल बनाने का भरोसा जताया। इस दौरान एनएसएस प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान, बालिका ईकाई प्रभारी रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, अनुज गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, दीपेश मीणा, नरेन्द्र राय, हर्षाली साहू, मनाली जैन,प्रीति रावत, गोविंद कुशवाह, आकाश साहू, विक्रांत सोनी, सुपार्श जैन, दिनकर कद्रे सहित शिक्षक परिवार ने स्वीप अभियान को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया। आगामी दिनों में संस्था में स्वीप गतिविधिओं में रांगोली,पोस्टर मेकिंग,भाषण, गीत गायन जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

## राजपूत समाज ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस मध्य प्रदेश स्टेट काउंसिल बार काउंसलिंग के अध्यक्ष प्रेम सिंह भदोरिया नगर प्रवास पर थे। इस अवसर पर राजपूत समाज ने उनका शाल श्रीफल एवं साफा, तलवार भेंट कर स्वागत, सम्मान किया। इस अवसर पर राजपूत समाज के अध्यक्ष बसंत सिंह राजपूत, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह राजपूत, चंदरसिंह राजपूत, सीबी सिंह गौतम, जगदीश सोलंकी, जगदीप सिंह राजपूत, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह सिकरवार, भूपेंद्र सिंह राजपूत, प्रमोद सिंह राजपूत, कोमल सिंह राजपूत, एडवोकेट विजय सिंह राजपूत, देवेंद्र सिंह राजपूत, सतनाम सिंह राजपूत सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित थे।

### मंदिरों से फूल व सामग्री एकत्रित करने चला पुष्प वाहन

**गंजबासौदा।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद की तैयारी आरंभ हो गई है। इसके लिए नगर पालिका द्वारा पुष्प वाहन चलाया जा रहा है। जिसमें मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर एकत्रित फूलमालाओं एवं फूलों एवं पूजन सामग्री को एकत्रित किया जा रहा है। उसका उपयोग नगर पालिका द्वारा धूप बत्ती, अगरबत्ती बनाकर उन्हें विक्रय में किया जाएगा। इससे होगा यह कि बेतवा नदी सहित अन्य जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाया जाएगा तथा धूपबत्तियों के विक्रय से नपा को आमदनी भी होगी। नागरिकों एवं धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं से नगर पालिका ने अपील भी की है कि वह नगर पालिका परिषद की इस पहल को अपना सहयोग प्रदान करें जिससे की बेतवा नदी को प्रदूषित होने से बचाया जा सके।



## मुराहर समिति पर किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा




मुरहार समिति पर खुलेआम मनमानी की जा रही है। जिससे अन्नदाता परेशान हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरहार समिति के अंतर्गत आने वाले तुलाई सेंटर सुमेर में किसानों को परेशान किया जा रहा। नीरज शर्मा ने आरोप लगाया कि 5 दिन पहले अपना गेहूं तुलवाने के लिए आया था। मगर उसे बेवजह परेशान किया गया पहले उसकी 100 क्विंटल गेहूं को हाथ छन्नी से छनबाया गया। फिर 50 किलो 500 ग्राम की जगह 51 किलो गेहूं तौला गया। अन्य सुविधाओं के रुपए भी किसान से ही लिए गए। इस क्षेत्र की सोसाइटी में समिति की खुलेआम मनमानी चल रही है पैसे लिए जा रहे हैं जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। उन्होंने व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है।

### राम विवाह में नौलखी बना मिथिला, साधु संत और यजमान बने बाराती



**गंजबासौदा।** वेत्रवती घाट का नौलखी धाम मिथिला के रूप में उस समय नजर आया जब भगवान राम ने धनुष को तोड़कर माता सीता को वरमाला पहनाई तो पूरा पंडाल राम विवाह की खुशियों में झूम उठा। अयोध्यावासी के रूप में यज्ञ में बैठे यजमान और साधु संत राम जी की बारात की शोभा बढ़ा रहे थे। बग्गियों पर सवार दूल्हा बने राम जी की यह तीनों भाइयों के साथ बारात गाजे बाजे, डीजे के साथ कथा स्थल पहुंची जहां विवाह संपन्न हुआ। नौलखी पर 20 अप्रैल तक चलने वाले 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन में भगवान जगन्नाथ स्वामी, भगवान सीताराम दरबार सहित अन्य देव प्रतिमाओं की विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पहली बार आयोजित हो रही वाल्मीकि रामायण कथा में राम विवाह का प्रसंग इतनी धूमधाम से मनाया गया कि भक्ति भाव से विभोर श्रद्धालुओं को अयोध्या और मिथिला की छवि दिखाई दी। दूल्हे के रूप में बग्गियों पर बैठे सज धजकर राम,लक्ष्मण, भारत और शत्रुघ्न की बारात नौलखी के नवनिर्मित आश्रम से कथा स्थल तक पहुंची। बारात में साधु, संत, यज्ञ के यजमानों के अलावा अन्य धर्मालु श्रद्धालु ऐसे आनंदित नजर आए जैसे बारात नौलखी से नहीं, अयोध्या से चलकर मिथिला जा रही हो। कथा में पूर्व सांसद एवं लोकसभा प्रत्याशी प्रताप भानु शर्मा ने भी प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होकर कथा व्यास एवं श्रीमहंत महाराज का सम्मान किया। कथा पंडाल में बारात के पहुंचने पर कथा व्यास रत्नेश महाराज ने चारों भाइयों का फूल मालाओं से स्वागत किया वहीं बारात में शामिल साधु संतों एवं दूल्हा बने रामजी सहित तीनों भाइयों का महंत राम मनोहर दास महाराज ने हार फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर राम जी के विवाह गीत में साधु संत और यजमान बने बाराती बनकर जमकर नाचे। राम विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कथा व्यास रत्नेश महाराज ने कहा कि रघुकुल के विवाह की पद्धति की सर्वश्रेष्ठ पद्धति है। रामजी का विवाह नहीं, एक संस्कार है। जो हमें गृहस्थ जीवन को धर्ममय जीवन जीने का मार्ग सिखाती है। बेटा एक कुल को तारता है और बेटियां दो कुलों को।सीता ने अपने आचरण से मिथिला और अयोध्या का नाम रोशन संसार को एक दिशा दी है।

### रमेश सेन का निधन

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम किरवाया निवासी राजू सेन के पिता रमेश सेन का गत दिवस एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा ग्राम किरवाया में निकाली गई। जिसमें अनेक नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

## छात्रा समर आउट रीच कैंप में चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इंस्पायर अवार्ड योजना में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित नवांकुर विद्यापीठ की छात्रा रूपाली लोधी का चयन समर आउटरीच कैंप 2024 के लिए किया गया है। इस कैंप का आयोजन 6 मई से 11 मई तक आयसर कॉलेज भोपाल में किया जा रहा है। रूपाली लोधी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इंस्पायर अवार्ड योजना में ओनियन फ्लावर कटर विद् पेस्टिसाइड स्प्रिंकिलर मॉडल प्रस्तुत किया था। इस योजना के अंतर्गत संपूर्ण भारत के कुल 60 विद्यार्थियों के मॉडल्स का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया था। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश के कुल 4 मॉडल व विदिशा जिले से एकमात्र रूपाली का मॉडल चयनित किया गया। डीपीआई ने अपने वार्षिक कैलेंडर में रूपाली को स्थान दिया है। अब रूपाली 18 मई को जापान की यात्रा पर रवाना होगी।

रूपाली लोधी की उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यालय परिवार ने रूपाली और उनके अभिभावकों को शुभकामनाऐं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### जिला बदर की कार्रवाई

**गंजबासौदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने गंजबासौदा के एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रतिवेदन पर अनावेदक अरविन्द गुर्जर उम्र 21 साल निवासी सिरावदा थाना देहात पर जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

## नया बस स्टैंड क्षेत्र में हुआ नवीन शाखा का शुभारंभ

# वात्सल्य किंडरगार्टन अब शहर के बीचों बीच







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वात्सल्य पब्लिक स्कूल की नई शाखा, वात्सल्य किंडरगार्टन अब शहर के बीचों, बीच शुरू हो गई है। गत दिवस वात्सल्य ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा संचालित वात्सल्य पब्लिक स्कूल की नई शाखा, वात्सल्य किंडरगार्टन स्कूल का रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे नया बस स्टैण्ड में शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉं सरस्वती, भगवान गणेश एवं पूज्य गुरुदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथिगणों के रूप में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा कार्यकारिणी सदस्य राजेश तिवारी, संरक्षक डॉ. प्रवीण कोहली, मीनाक्षी कोहली, संदीप डोंगर सिंह, मुकेश सिंह राजपूत, प्रेमनारायण विश्वकर्मा, नवांकुर विद्यालय प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित एवं शहर के वरिष्ठ पालकगण उपस्थित थे। वात्सल्य ग्रुप की इस नयी इकाई में प्ले ग्रुप, नर्सरी, केजी 1 व केजी 2 की कक्षायें संचालित होंगी। इस विद्यालय परिसर में बच्चों को आधुनिक शिक्षा तकनीक व खेल-खेल में सीखने के तरीकों से शिक्षा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित शशि अनिल यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि मैं वात्सल्य ग्रुप्र विदिशा के विद्यालय में गई हूँ, वहाँ हमने देखा है कि बच्चों को भारतीय संस्कृति एवं अच्छें संस्कारमय शिक्षा प्रदान की जाती है। अन्य उपस्थित अतिथयों ने संस्था डायरेक्टर देवना अरोरा, प्रतीक कोहली, रूचिरा अरोरा को धन्यवाद देते हुए कहा कि वात्सल्य ग्रुप विदिशा के द्वारा नगर के नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए इतनी अच्छी विद्यालय की सौगात पालकों को दी गई है। जिससे गंजबासौदा के नन्हें-मुन्ने बच्चों की उद्गमी विकास की आधार शिला इस प्ले स्कूल से प्राप्त होगी। कार्यक्रम के अंत में संस्था डायरेक्टर देवना अरोरा, प्रतीक कोहली, रूचिरा अरोरा ने सभी पालकगणों व अतिथिगणों आभार माना। इस दौरान अनेक गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में मौजूद थे।

## नगर को प्राचीन नाम वासुदेव नगर के नाम से जाना जाए: प्रपन्नाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



यह राष्ट्र राम का है,जो राम के साथ खड़ा है भारत की जनता उसके साथ खड़ी है। विपक्षी पार्टियों ने ही केवल एक पार्टी को ही घोषित कर रखा है कि यह राम जी की पार्टी है इसमें उनका क्या दोष है यदि कोई राम के लिए दौड़ लगाता है,राम का नाम लेता है तो इससे अच्छी बात और क्या हो सकती है। यदि आपको लगता है कि वह राम पर राजनीति कर रहे हैं तो आपको किसने रोका है आप भी करिए क्योंकि राम सबके हैं। एक के नहीं। आमंत्रण मिलने के बाद भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न पहुंचने वालों को उन्होंने दुनिया का ऐसा अभागा बताया जो इतिहास के साक्षी बनने से वंचित रह गए। यूएई, दुबई, अबू धाबी में राम के मंदिर बन रहे हैं यही राम का चरित्र है जो चरित्रवान होता है दुनिया उसको पूजती है। यह बात कथा स्थल पर आयोजित हुई धर्मवार्ता में अयोध्या धाम से पधारे जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कही। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सनातन धर्म को बदनाम करने के सवालों पर प्रमाणिकता के साथ जवाब देते हुए महाराज ने कहा कि जिस अमेरिकन विदेशी युवक ने भारत में हिंदू मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर फेसबुक की कल्पना की थी और दुनिया को यह बताया था कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए एक दूसरे को जोड़ने का यह विचार उसे एक मंदिर की सीढी पर आया। वहीं एक अन्य विदेशी को उसकी कंपनी का नाम एवं लोगो नीम करोली बाबा के यहाँ से मिला। लेकिन विडंबना देखिए उसी सोशल मीडिया का आज हिंदू धर्म के बालक सनातन धर्म को बदनाम करने उसका उपयोग कर रहे हैं। इससे बड़ी विडंबना क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि राम का चरित्र ही राष्ट्र का चरित्र है धर्म के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती भारत का एकमात्र सनातन धर्म है जो विश्व बंधुत्व की भावना प्रकट करता है। दुनिया के लोग जब भी दिशाहीन होते हैं तब भारत ही मार्गदर्शन करता है। भारत आज से नहीं पुरातन काल से विश्व गुरु कहा गया है। काशी अयोध्या की भांति मथुरा में भी अब देर नहीं है। भगवान कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा में भी हम कन्हैया का भव्य और दिव्य मंदिर बनते देखेंगे। भारत के हिंदू राष्ट्र सवाल पर महाराज भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने का हिंदू राष्ट्र का समर्थन किया और कहा कि यह सब संविधान में आवश्यक बदलाव करके संभव है। कथाओं के बदले ट्रेंड में टोने टोटके के सवालों पर जवाब देते हुए महाराज ने कहा कि कथा जीवन को दिशा देती है ना की भटकाती है। आज कथा पीठ भटकती दिशा की ओर बढ़ रही है इस पर विद्वानों को विचार करना चाहिए। चमत्कार ना ईश्वर की कसौटी है और ना ही संत की। चमत्कार दिखाना नहीं पड़ता जो स्वत घटित हो जाए वह ही चमत्कार है। राम से ज्यादा तो रावण चमत्कारिक था जो हर तरह के भेष बदल लेता था यदि ऐसा होता तो आज के लोग राम को नहीं रावण को पूजते और रावण को ही ईश्वर मानते। बढ़ती आत्महत्या के सवालों पर महाराज ने कहा कि हम सफलता के बड़े-बड़े मापदंड तय कर लेते हैं और जब वह पूरे नहीं होते तो तनाव में आ जाते हैं और आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं यह उस भगवान के साथ न्याय नहीं है जिसने आपको यह सुंदर शरीर दिया है। राम और कृष्ण से ज्यादा किसी ने जीवन में कष्ट नहीं झेला यह उनकी जीवन यात्रा हमें सिखाती है। सनातन धर्म में आत्महत्या करना सबसे बड़ा पाप बताया गया है। यदि आपके जीवन में कर्म प्रधानता के साथ-साथ अध्यात्म, संत, और सत्संग की प्रधानता रहेगी तो आप समस्याओं में भी अपने जीवन यात्रा के उद्देश्य को हंसते मुस्कुराते हुए पूरा कर लेंगे। गंजबासौदा का प्राचीन नाम पहले वासुदेव नगर था इसका प्रामाणिक रूप से उल्लेख भी मिला है। वासुदेव नगर बहुत ही सुंदर नाम है। अपभ्रंश के रूप में कई शहरों का नाम उनके प्राचीन नाम के अनुसार बदल गया है। इसलिए राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था में यहां के समर्थवान लोग प्रयास करें कि गंजबासौदा को पहले की तरह प्राचीन नाम से जाना जाए। महाराज श्री ने इस आयोजन एवं नगर की जनता की सराहना करते हुए कहा गके बारे में कहा कि यहां क्षेत्र की धर्मनिष्ठ जनता ने दिखा दिया है कि संतों,धर्म के प्रति उनकी कितनी गहरी आस्था, श्रद्धा और भक्ति है। जिस सात्विकता से विद्वान आचार्यों के द्वारा वैदिक कर्मकांड किए जा रहे हैं वह अद्भुत और अकल्पनीय है।

### गंदगी और बदबू के बीच रह रहे वार्डवासी, आ रही तमाम दिक्कतें

# वर्षों बीत जाने के बाद भी वार्ड 13 में नहीं हुआ नाली निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के आरोन रोड स्थित वार्ड क्रमांक 13 दुर्गा नगर कॉलोनी में पानी निकासी के लिए नालिया न होने के कारण घरो से निकलने वाला गंदा पानी सड़को पर बह रहा है। जिस कारण वार्डवासियों का सड़क से निकलना भी दूभर हो गया है। गंदे पानी के सड़क पर बहने से पूरी कॉलोनी में गंदगी का माहौल है। वही गंदगी से निकलने वाली बदबू ने नागरिको का घरों में रहना भी दुष्बार हो गया। साथ ही गंदगी में पनपने वाले मक्खी मच्छर से कॉलोनी वासियो को संक्रमित रोगों के फैलने की डर सता रहा है। वार्डवासियो द्वारा इस समस्या को लेकर नगर पालिका में कई बार शिकायते आवेदन देकर नाली निर्माण व वार्ड में प्रतिदिन साफ-सफाई की मांग की जा चुकी है। लेकिन नपा द्वारा इस ओर कोई ध्यान न देने से मजबूरन वार्डवासियों को गंदगी के बीच रहना पड़ रहा है।

#### प्रतिदिन बढ़ता जा रहा मच्छरों का प्रकोप

कॉलोनी में नालिया न होने से घरो से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बहने से सड़क पर बडें बडें गडडे हो गए है। इन गड्ढों में यह गंदा पानी भरा होने से जहां पैदल चलने वाले लोगों को काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों के वाहन भी आए दिन क्षतिग्रस्त हो रहे है। वार्ड में प्रतिदिन सफाई कर्मचारियो के सफाई करने न आने से कॉलोनी में चारो ओर गंदगी के अंबार लगे है।

इसी गंदगी में हजारो की संख्या में मच्छर पनप रहें और इन मच्छरो ने कॉलोनी वासियों का घरो में रहना दुष्भार कर दिया है। इस समस्या को लेकर कई बार नगर पालिका व वार्ड पार्षद को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कई महिने बीत जाने के बाद भी न तो वार्ड में नालियो का निर्माण कराया गया और न ही साफ सफाई कराई जा रही। कमलेश कुशवाह, निवासी वार्ड क्रमांक 13,दुर्गा नगर कॉलोनी सिरोंज।

# केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया विश्व आर्ट दिवस

### कला और संस्कृति से बच्चे का दिमाग तीव्र होता है और सर्जनात्मकता बढ़ती है: श्वेता आनंद त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



कला हमेशा से ही अभिव्यक्ति और भावनाओं को तलाशने का एक शक्तिशाली माध्यम रहा है। यही वजह है कि कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 15 अप्रैल को विश्व कला दिवस का केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजन किया गया है। बच्चों ने वर्ली आर्ट के माध्यम से गमले ओर स्कूल की दीवारों पर वर्ली आर्ट बनाया।

केडीबीएम डायरेक्टर श्वेता आनंद त्यागी ने अपने बारे में बताते हुए कहा अपने अंदर छिपी भावनाओं और रचनात्मकता को कलात्मक रूप में पेश करना सबके बस की बात नहीं है, पर सब लोग किसी न किसी कला में उस्ताद ज़रूर होते हैं। जैसे मैं एक लेखक हूं, ये मेरी कला है और इसके अलावा खाना बनाना भी मेरी कलाओं में से एक है। आज के युवा बहुत-सी कलाओं को दुनिया के सामने ला रहे हैं, जो सबको अचंभे में डाल देती है। दुनिया भर की इन्हीं कलाओं को बढ़ावा देने और जो लोग कला का महत्व नहीं समझते, उन्हें कला के अलग-अलग रूपों से मिलवाने के लिए भी विश्व कला दिवस मनाया जाता है। लेकिन, विश्व कला दिवस को मनाने का सबसे खास कारण है पेंटिंग्स के बारे में दुनिया को जागरूक करना और पेंटिंग्स की हमारी ज़िंदगी में क्या भूमिका, इसके बारे में लोगों को समझाना। ओर हमारा प्रयास है कि हमारे स्कूल के बच्चों कला में विकास करना है।परी यादव, प्राची चौरसिया सोनम झा हितेशी श्रीवास्तव पलक राजपूत अदिति शर्मा आरना जैन मोकक्षिका कटियार प्रिंसी यादव छवि यादव पलक यादव श्रावणी शर्मा सहज शर्मा कार्तिक चौरसिया कृष्णा शर्मा पियूष प्रजापति आदि छात्र-छात्राओं ओर शिक्षक मुकेश नायक उपस्थित रहे।

# ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल में पक्षियों की प्यास बुझाने पेड़ों पर बांधे सकोरे

### बड़ी संख्या में जुटे स्कूली छात्र-छात्राएं



**सिरोंज।** गर्मी के मौसम में हर व्यक्ति की प्यास बढ़ जाती है। लोगों को हर थोड़ी देर में अपना गला तर करना पड़ता है। चूकि आमजन तो आसानी से अपनी प्यास बुझा लेते हैं। लेकिन उन बेजुबान पक्षियों के सामने गर्मी के दिनों में विकट समस्या खड़ी हो जाती है। जो नदी,तालाब आदि जलाश्यों के माध्यम से अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन गर्मी में वहां भी पानी नहीं मिल पाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोमवार को विद्यालय परिवार द्वारा जल पात्र बांधे गए जिसके माध्यम से पक्षियों की प्यास बुझाई जा सके। विद्यालय परिवार द्वारा पक्षी संरक्षण की शपथ लेते हुए हर एक विद्यार्थी के घर पर जल पात्र बांधने का संकल्प दिलाया इस दौरान संस्था के डायरेक्टर रजत सक्सेना सहित बड़ी संख्या में विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फिर एक क्लीनिक को किया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही क्लीनिको व अस्पातालों पर सोमवार को भी एसडीएम द्वारा गठित टीम की कार्यवाही देखी गई। बीएमओ डॉ विकास सिंह बघेल के नेतृत्व में नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल,डॉ गोलू जाटव व पुलिस प्रशासन के टीम नगर में संचालित क्लीनिको की जांच करने निकली। वही टीम ने नगर के पुराना बस स्टेण्ड स्थित गिरिराज क्लीनिक पर कार्यवाही कर उक्त क्लीनिक को सील किया। बीएमओ विकास सिंह बघेल ने बताया कि टीम की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।








# खान को विदिशा प्रेस क्लब का ब्लॉक अध्यक्ष बनाये जाने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

विदिशा प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष रिज़वान बावालिया ने सिरोंज ब्लॉक के सीनियर पत्रकार भूमिका भास्कर समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ डॉक्टर वसीम को पुनःसिरोंज ब्लॉक का प्रेस क्लब अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही डॉक्टर वसीम को पुनः अध्यक्ष नियुक्त होने पर प्रेस क्लब के संरक्षक एडवोकेट कपिल त्यागी ने बधाई देते हुए डॉक्टर वसीम के उज्जवल भविष्य की कामना की। वही उन्होने कहा कि किसी भी समय प्रेस क्लब के साथियो को जब भी मेरी आवश्यकता होगी मे तुरंत उनके साथ मे कंधे से कन्धा मिलाकर साथ खड़ा हु। इस अवसर पर बधाई देने वालो मे वसीम अख्तर, उर्फ़ इमरान, अलीम शीशगिर, वाजिद कुरैशी, निज़ाम खान, शब्बू गोरी, ज़फर खान, भानु प्रताप यादव,चंद्रेश सैनी, अर्जुन शर्मा, मयंक सोनी, वाहिद खान गोरी,जावेद खान आदि प्रेस क्लब के पत्रकारो ने बधाई दी।

# नटेरन में नहीं हो रही नियमित सफाई, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

### 12 वर्षों से एक ही पंचायत में पदस्थ है नटेरन सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन



ग्राम पंचायत नटेरन में कई मोहल्लों की साफ सफाई महीनों से नहीं हुई है। वहीं तहसील के पास बने सुलभ शौचालय की हालत तो इतनी खराब है कि इसमें शराब के खाली बॉटले एवं मकड़ी के जाले लगे हुए हैं। बाहर स्वच्छ भारत का स्लोगन लिखा है और अंदर यह हालत है की देखते नहीं बन रहा। अधिकारियों के नाक के नीचे ही यह हालात है तो ग्राम में क्या हालात होंगे। बरबट पूरा रहवासियों ने बताया की हैंडपंप के आस पास इतनी गंदगी रहती है पानी भरना मुश्किल होता है।

नटेरन उप सरपंच ने बताया कि नटेरन सचिव 12 वर्षों से नटेरन ग्राम पंचायत में पदस्थ हैं। हमेशा विदिशा से अपडाउन करते हैं कभी मुख्यालय पर रुकते नहीं हैं। पहले चार सफाई कर्मी थे। अब मात्र एक कर्मचारी हैं। तीन को हटा दिया है। इस वजह से कुछ मोहल्लों में तो महीनों से सफाई नहीं हुई है।

#### राम नवमीं 17 अप्रैल को

**विदिशा।** किरी मोहल्ला स्थित श्री रघुनाथजी के मंदिर में 17 अप्रैल बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री राम जन्मोत्सव की तैयारी में मंदिर की साफ सफाई कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इस अवसर पर श्रीराम दरबार की झांकी लगाई जा रही है। पुजारी पं. बालकृष्ण शर्मा एवं पं. नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। सुबह भगवान का अभिषेक कर श्रृंगार दर्शन होगा। दोपहर 12 बजे श्रीराम लला का जन्म दर्शन, महाआरती, स्तुतिगान, प्रसाद वितरण होगा। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र के चलते रघुनाथजी के मंदिर में पं. नारायण प्रसाद शर्मा के मुखारबिंद से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका समापन भी रामनवमी पर्व पर ही होगा। वहीं शाम को भजन कीर्तन एवं श्रीराम जन्म की बधाईयां गाई जाएंगी। मंदिर संचालक अशोक अग्रवाल, पं. बालकृष्ण शर्मा एवं पं. नारायण प्रसाद शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से श्रीराम जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

#### निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारों के मतदान एवं मतगणना एजेंट

**सागर।** भारत निर्वाचन आयोग ने केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियों और सांसदो, विधानसभा एवं विधान परिषदो के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है। न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियो की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती।

# तीसरी आंख : इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर से गंदगी फैलाने वालों पर की जा रही चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

इंटीग्रेटेड कमाड सेंटर यातायात व्यवस्था के साथ शहर की सफाई व्यवस्था पर भी निगरानी रखने का काम कर रहा है, और शहर में लगे कैमरो से 24 घंटे सफाई व्यवस्था पर निगरानी रखी जा रही है और कोई भी दुकानदार अपनी दुकानों का कचरा रोड किनारे डालते हैं या दुकान के सामने गंदगी करते हैं या भीड़ जमा करते हैं तो उनके ऊपर चलानी कार्रवाई की जा रही है इसलिए दुकानदार दुकान के बाहर कचरा आदि ना फेके और दुकान का सामान निर्धारित स्थान से ज्यादा ना फैलाएं क्योंकि आप तीसरी आंख की नजर में है और ऐसा करने पर आपका चालान होगा।

**सीन क्रमांक** - 1 समय सुबह 9.15 बजे - स्थान स्टेशन के सामने वाली होटल- होटल मालिक द्वारा अपनी होटल का सामान रोड किनारे रखें था और होटल के सामने भीड़ जमा थी तो स्मार्ट कमाड सेंटर से उस होटल मालिक को सूचना दी गई की वह दुकान के सामने भीड जमा ना करें और दुकान का बाहर रखा सामान अंदर करे, नहीं तो आपके ऊपर चालानी करवाई की जाएगी, लेकिन उसने इस चेतावनी की ध्यान नहीं दिया तो 5 मिनट के भीतर नगर निगम जोन प्रभारी और उनके दल होटल पहुंचकर उस होटल मालिक का चालान किया और उसका बाहर रखा सामान अंदर करवाया और उसे चेतावनी दी की पुनः गलती करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सीन क्रमांक** - 2 मोतीनगर चौराहा पर शीतला माता मंदिर की ओर जाने वाली रोड के किनारे की होटल समय- सुबह 5.33 बजे- होटल मालिक द्वारा होटल खोली जाती है और उसमें सफाई करके कचरा को पॉलिथीन में भरकर बाहर फेक दिया जाता है, यह दृश्य कैमरे में कैद हो जाता है इसलिए उस होटल मालिक पर गंदगी फैलाने पर चालानी कार्रवाई हेतु जोन प्रभारी को सूचित किया जाता है कि वह जाकर उस होटल मालिक का चालानी कार्यवाही करें।

इस प्रकार शहर में स्मार्ट कमांड सेंटर द्वारा लगे कैमरो से दिन-रात मॉनिटरिंग की जा रही है और किसी भी समय अगर कोई व्यक्ति गंदगी फैलाता है तो वह कैमरे की नजर में है और उस पर ई-चालान करवाई या नगर निगम के जोन प्रभारी द्वारा चलानी कार्रवाई की जा रही है ।

#### केन्द्रीय जेल सागर में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया

**सागर।** उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार केन्द्रीय जेल सागर में आज बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय के समन्वय से प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम.के. शर्मा की उपस्थिति में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया। तत्संबंध में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, जबलपुर के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल द्वारा प्रातः 9 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त शिविर का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रधान जिला न्यायाधीश एवं उपस्थित अधिकारीगण द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश शर्मा द्वारा उपस्थित बंदीगण को संबोधित करते हुये कहा कि समस्त बंदीगण अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहें एवं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें व उपरोक्त आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता शिविर में उपस्थित विभिन्न रोगों के चिकित्सीय विशेषज्ञों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क औषधि प्राप्त कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें एवं शिविर में उपस्थित लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स तथा पैनल अधिवक्तागण के माध्यम से अपने-अपने लंबित प्रकरणों की जानकारी के साथ-साथ अपनी विधिक समस्याओं का भी समाधान करें।


#### बुंदेली कविता के माध्यम से मतदान का महत्व

**सागर।** निर्वाचन जागरूकता अभियान हेतु "स्वीप पार्टनर" कार्यक्रम सीएम राईज शासकीय एम एल बी क्रमांक 1 सागर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम संचालक सुनील जैन के आह्वान पर उपस्थित शिक्षकों एवं छात्राओं ने अपने शब्दों द्वारा निर्वाचन में मताधिकार को सर्वश्रेष्ठ कार्य के रूप में व्यक्त किया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार साहू द्वारा मतदान को महादान बताया गया। प्रदीप कुमार पाण्डे द्वारा बुन्देली भाषा में "चलो रे भैया चलो रे कक्का काकी वोट डालन जरूर जाइयो" उक्त कविता द्वारा रोमांचक तरीके से मतदान का देशव्यापी महत्व बताया।

# आईआईटीयन, डॉक्टर बनने का सपना अब हुआ आसान

### शहर में पाथगुरु एजूकेशन कोचिंग सेंटर की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



शहर के शहनाई गार्डन में रविवार को पाथगुरु एजूकेशन सेंटर के शुभांरभ अवसर पर शहर के हजारों छात्र-छात्राओं का करियर गाइडेंस और अकादमिक काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के भावी इंजीनियर्स और डाक्टर्स ने शिरकत की। कार्यक्रम में पाथगुरु एजूकेशन कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर शिवकांत तिवारी सर, पराग किरार सर, विवेक तिवारी सर ने बताया कि शहर के छात्र-छात्राओं को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा और इंदौर जाने की जरूरत नहीं है। विदिशा में ही अब देश के सर्वश्रेष्ठ एकेडमिक सिस्टम एवं सर्वश्रेष्ठ स्टडी मटेरियल के साथ जेईई मेंस एवं एडवांस्ड और नीट की तैयारी के लिए पाथगुरु एजूकेशन कोचिंग सेंटर के सभी अनुभवी शिक्षकों द्वारा तैयारी कराई जाएगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में श्यामसुंदर शर्मा, स्प्रिंगफील्ड स्कूल के चेयरमैन योगेंद्र राणा, भाजपा नेता भगवानसिंह धाकड़, पूर्व नपाध्यक्ष ज्योति शाह, मनोज कटारे, पार्षद संगीता नीरज पाल एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कोटा एवं देश के अनुभवी शिक्षकों की टीम के साथ पाथगुरु एजूकेशन पर आईआईटी-जेईई एवं नीट की तैयारी के लिए पूर्णतः समर्पित संस्कार से सफलता तक का सफर तय किया जाएगा।

### नवरात्र में देवी माता की पूजा-अर्चना के साथ गायत्री मंत्र का सामूहिक अनुष्ठान

# गायत्री परिवार की मातृसंवर्धन कलश रथ यात्रा का जैसीनगर के ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



अखिल विश्वगायत्री परिवार की अखंड दीप मातृ संवर्धन कलश रथ यात्रा जैसीनगर के खैरा सेमाढाना, सत्ताढाना, सरखेड़ी, देवलचोरी, ताजपुर सेमराघोना, केल्लाई, सिहोरा में टोली नायक आर एल शुक्ला एवं सहटोली नायक आचार्य पंडित महेश दत्त त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य के निर्देशन में पहुंची, जहां ग्रामीण जनों ने गायत्री माता की जय भारत माता की जयकार के साथ भव्य स्वागत किया। गायत्री शक्तिपीठ गोपालगंज सागर के मुख्य ट्रस्टी स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति डॉक्टर अनिल तिवारी ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से गंगाजल से परिपूर्ण जल कलश यात्रा एवं गायत्री माता अयोध्या के श्री रामलला से सुसज्जित रथ सागर जिला में पूरे विकासखंडो में धर्म जागरण, सांस्कृतिक चेतना, गायत्री उपासना, संस्कार वृद्धि विश्वकल्याण की भावना से 14 जनवरी मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर प्रति दिवस 8 से 10 ग्रामों में भ्रमण कर वेद माता गायत्री की उपासना पद्धति पूर्ण वैदिक विधि विधान के साथ पुष्पेंद्र के साथ एवं आर एल शुक्ला तथा साहित्यकार शिक्षाविद आचार्य महेश दत्त त्रिपाठी के सानिध्य में सर्वत्र हम बदलेंगे युवा बदलेगा का देश संदेश दे रही है। खैरा गांव में रामेन्द्रसिंह के परिवार ने, सेमाढाना में अंशुल, प्रवीण पांडेय, टीकाराम पटेल, सत्ताढाना में शिवाजी मिश्रा, अर्जुन, हर्ष कमलेश, सरखेड़ी में राजेश सिरोठिया, भैयालाल, राजकुमार, देवलचोरी में नरेंद्र, मनोहर तिवारी, अरुण राजपूत, ताजपुर में मदवि, अंजलि, किशन चढार, सेमराघोना में रामकृष्ण, प्रहलाद, गौरव, राहुल, किल्लई में नारायण, धर्मेंद्र यादव, देवेंद्र, कृष्णकुमार ने गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र के सामूहिक अनुष्ठान के साथ माता, बहनों, बुजुर्गों युवाओं ने सक्रियता के साथ उपस्थित होकर पूजा अर्चना की एवं नशा मुक्ति, संस्कारवान प्रज्ञा संपन्न संपूर्ण शिक्षित आदर्श गांव बनाने की संकल्प लिया। अखिल भारतीय साहित्य सृजन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य पंडित महेश त्रिपाठी ने प्रवचनों में कहा मानव के आध्यात्मिक प्रकाश का स्त्रोत श्रद्धा है जब श्रद्धा भक्ति जागृत होती है तो जीवन प्रकाशित होकर धन्य हो जाता है। गृहे गृहे गायत्री यज्ञ उपासना करके कर्म योग के साथ धर्माचरण भी करना होगा।

त्रिपाठी ने कहा सभी जन सुबह उठकर धरती माता, सूर्य भगवान, माता पिता गुरुजनों को प्रणाम करें एवं स्नान करके प्रतिदिन मंदिर जाकर देव दर्शन भी करें तभी हम स्वस्थ सुखी समृद्ध शिक्षित भारतवर्ष के निर्माण में माता गायत्री की कृपा से योगदान दे सकते हैं। टोली नायक आर एल शुक्ला पूर्व शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हम सबके उत्कर्ष का आधार प्रबल इच्छा शक्ति है जो जीवन में सफलता देता है गायत्री मंत्र आमोघ है हम सबको सत्य सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर गायत्री परिवार से जुड़ना होकर सर्वत्र शांति पाठ के साथ प्रसाद वितरण कर किया गया।

## स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रीय विधायक और पूर्व मंत्री डॉ. चौधरी से भी कई बार कर चुके मांग

# 42 गांव के अस्पताल में 68 साल से नहीं है मर्चुरी रूम, शव पोस्टमार्टम के लिए परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मर्चुरी रूम नही होने से दुर्घटनाओं या हत्या जैसे मामलों में मृत लोगों के शव पोस्टमार्टम के लिएं परिजनों को कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि कई वर्षों से स्थानीय ग्रामीण इस समस्या के समाधान के लिए शिकायतें भी कर चुके हैं। लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। सलामतपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत करीब 42 गांव आते हैं और भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 रोड पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

यही वजह है कि इस क्षेत्र में दुर्घटना में यदि किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो उसके पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को यहां से वहां भटकना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी से भी कई बार मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र ही मर्चुरी रूम बनाया जाए। ताकि कोई भी दुर्घटना, एक्सीडेंट या हत्या जैसे मामलों में मृतक के परिजनों को शव के पोस्टमार्टम के लिए परेशान न होना पड़े। लेकिन अभी तक स्थानीय ग्रामीणों की मांग पूरी नही हुई है।




### 68 साल से बने हुए हैं ये हालात

सांची ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सलामतपुर स्थित शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शव के पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम नहीं है। पहले तो अस्पताल के पास स्तिथ जंगल में मृतकों के शव का पोस्टमार्टम होता था। जैसे तैसे जंगलों में पोस्टमार्टम होना बंद हुआ तो मरचुरी रूम की समस्या शुरू हो गई। यह हालत यहां पिछले 68 साल से बने हुए हैं। सलामतपुर अस्पताल का निर्माण 1956 में हुआ था। और यहां 42 गांव के ग्रामीण अपना इलाज कराने आते हैं। कई बार शव को पोस्टमार्टम के लिए पुलिस द्वारा सलामतपुर अस्पताल भेजा जाता है तो वहां उनका पीएम नही हो पाता है। जिससे मृतक के परिजनों को काफी पीड़ा होती है और उन्हें शव को सांची या रायसेन लेकर जाना पड़ता है।

वहीं पुलिस का भी हाल बुरा हो जाता है वह भी यह सब देखकर घबरा जाते हैं। ग्रामीण कैलाश गोस्वामी ने बताया कि कई बार स्वास्थ्य केंद्र में मर्चुरी रूम न होने की शिकायत मंत्री और कलेक्टर को आवेदन द्वारा बताई हैं। लेकिन आज तक सुनवाई नहीं हुई। कई बार दुर्घटना में मृत हुए व्यक्ति के परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिएं परेशान होना पड़ता है। अगर इस समस्या का समाधान शीघ्र ही नही हुआ तो स्थानीय नागरिक मर्चुरी रूम के लिएं आंदोलन करेंगे।

### भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर प्रतिदिन होते हैं हादसे

स्टेट हाइवे 18 के दीवानगंज से लेकर सलामतपुर के बीच रोज रोड दुर्घटनाएं होती है। क्योंकि इस मार्ग पर वाहनों का बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां से प्रतिदिन हज़ारों की संख्या में छोटे बड़े वाहन निकलते हैं जो भोपाल से विदिशा, रायसेन, सागर, जबलपुर, यूपी, गुजरात आदि स्थानों पर जाते हैं। जिसकी वजह से इस क्षेत्र में आए दिन रोड हादसों में लोगों की मौते होती हैं। लेकिन समस्या जब ज्यादा बड़ी हो जाती जब शव के पोस्टमार्टम की बारी आती है। क्योंकि सलामतपुर स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम की व्यवस्था नही है। मृतक के परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए शव को साथ लेकर यहां वहां भटकना पड़ता है। या तो परिजनों को सांची या रायसेन स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है। जिसकी वजह से परिजनों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं।

### इनका कहना है।

*प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलामतपुर में पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रूम नहीं है। अगर किसी व्यक्ति की घटना या दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो परिजनों को उसके शव के पोस्टमार्टम के लिए 8 किमी दूर सांची स्वास्थ्य केंद्र ले जाना पड़ता है।*
**- डॉ रवि राठौर**, मेडिकल ऑफिसर सलामतपुर

*42 गांव के सरकारी अस्पताल सलामतपुर में शव के पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी रूम कई सालों से नही है। जिसकी वजह से रोड दुर्घटना या कोई और घटना में मृत व्यक्ति के शव को यहां वहां लेकर परिजनों को भटकना पड़ता है। जम्मिेदार अधिकारी इस और ध्यान नही दे रहे हैं।*
**- रघुवीर सिंह मीणा**, सरपंच ग्राम पंचायत राततलाई।

*स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार शिकायत के माध्यम से जिम्मेदार अफसरों को इस समस्या से अवगत कराया है। लेकिन समस्या का समाधान कई वर्ष बीतने के बाद भी संभव नही हो सका और सलामतपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक मर्चुरी रूम नही बनाया गया है।*
**- बब्लू पठान**, रहवासी सलामतपुर।

## दोनों ही घोषणा करीब 8 साल पहले की थी तत्कालीन सांसद सुषमा स्वराज ने

# सुषमा स्वराज के रेल लाइन के सपने (घोषणा) को क्या 'शिवराज-मामा' कर पाएंगे पूरा?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

यूं तो राजनैतिक दलो के नेताओ की आदत में घोषणा करना और भूल जाना, कोई नहीं बात नहीं है। लेकिन लोकसभा चुनाव के समय जनता अब नेताओ को उनके द्वारा किए गए आश्वासन और वायदो का स्मरण कराने लगी है, ऐसा ही कुछ सिलवानी में देखा गया जब तत्कालीन सांसद सुषमा स्वराज के द्वारा सिलवानी में रेलवे लाईन लाए जाने व केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने की घोषणा की याद सिलवानी आए भाजपा प्रत्याशी, शिवराज सिंह चौहान को जनता ने दिला कर उन्हें रेलवे लाईन बाबद् एक पोस्टर सौंपा बल्कि स्वर्गीय सुषमा स्वराज की घोषणा को पूरा करने की मांग की। अब देखना यह है कि मामा कहे जाने वाले शिवराज सिंह, तत्कालीन सांसद श्रीमति स्वराज (स्वर्गवासी) के सपने (घोषणा) को पूरा कर पाएगें या घोषणा, सपना बन कर ही रह जाएगी।

विधानसभा मुख्यालय सहित जिले के अन्य स्थानों पर रेल लाईन डालने, रेलवे स्टेशन बनाए जाने की घोषणा तय एजेंडे के तहत तत्कालीन विदेश मंत्री सांसद सुषमा स्वराज ने करीब 8 साल पूर्व की थी, घोषणा के साथ हरकत में आए रेल प्रशासन द्वारा घोषणा को पूरा करने की दिशा में कुछ प्रयास भी किए थे, लेकिन यह प्रयास कुछ समय बाद आश्वासनों की टोकरी में पहुंचकर नेस्तनाबूद हो गए। हालांकि विपक्षी दल कांग्रेस के उस समय प्रदेश सचिव रहे सुरेंद्र रघुवंशी ने सुषमा स्वराज की रेल लाईन की घोषणा को झूठ का पुलिंदा बताते हुए बेगमगंज के सुमेर ग्राम से भोपाल तक की पद यात्रा की थी। करीब 8 साल बाद भी तत्कालीन मंत्री की घोषणा को पूरा करने की जहमत केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने नहीं उठाई। बल्कि उक्त घोषणा रद्दी की टोकरी में कहां गायब हो गई, जनता को पता ही नहीं चला।



### नागरिकों को आस, मामा करेगें अधूरी घोषणा को पूरा

*पूर्व मुख्यमंत्री, प्रदेश की लाखों बहनों के मामा, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौहान को भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी बना कर रिकार्ड मतो से विजयी होने चुनावी दंगल में उतारा है, चौहान के प्रत्याशी बनने से नागरिको में हर्ष है बल्कि उन्हे चौहान से आस भी है कि वह वह रेल लाईन तथा केंद्रीय विद्यालय के सपने को पूर्ण करेगें।*

### स्वराज की घोषणा को पूरा करने नागरिको ने रेल लाइन का पोस्टर सौंप कर चौहान को दिलाई याद




*विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान हालिया दिनो में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने सिलवानी आए, रोड शो के दौरान नागरिकों ने श्री चौहान को रेल लाईन की घोषणा बाबद् एक पोस्टर सौंपा, पोस्टर में स्पष्ट में श्रीमति स्वराज, श्री चौहान व रेल का चित्रांकन किया है तथा सिलवानी जंक्शन, सुषमा जी का सपना अंकित किया तथा लिखा गया है मामा आएगें ट्रेन लाएगें। अब देखने वाली बात यह होगी कि मामा शिवराज रेल लाईन के सपने को क्या पूरा कर पाएगें।*

### केंद्रीय विद्यालय की घोषणा भी नहीं हो सकी पूर्ण

*विदिशा संसदीय क्षेत्र से सांसद व विदेश मंत्री रहते हुए सुषमा स्वराज ने करीब 8 साल पूर्व सिलवानी मे केंद्रीय विद्यालय प्रारंभ किए जाने की घोषणा की थी। घोषणा के बाद केंद्रीय विद्यालय संगठन के पदाधिकारियों ने कई बार सिलवानी आकर शासकीय भवनो का निरीक्षण कर केंद्रीय विद्यालय की कक्षाओं को प्रारंभ किए जाने की संभावनाओ को टटोला, लेकिन भवनो का निरीक्षण करने के बाद बात आगें नही बढ़ सकी। हालांकि इस दौरान राजस्व विभाग ने राजस्व सर्किल सिलवानी के नूरपुरा हलके में 10 एकड़ भूमि भवन निर्माण के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन को हस्तांतरित कर दी, बाबजूद भी ना तो केंद्रीय विद्यालय की कक्षाए प्रारंभ हुई ना ही भवन का निर्माण ही हो सका, हां इतना जरुर हुआ कि घोषणा ठंडे बस्ते में चली गई और नागरिक आज भी घोषणा पूरी होने का इंजतार कर रहे है।*

# अभ्यर्थियों के चुनावी व्यय पर निगरानी रखें : व्यय प्रेक्षक

## विदिशा संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट में की चुनाव व्यय लेखा कार्यवाहियों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आईआरएस मेहुल भारत जैन ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में निर्वाचन व्यय लेखा संबंधी कार्यवाहियों की विस्तृत समीक्षा की। व्यय प्रेक्षक ने विदिशा संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभाओं में एसएसटी, एफएसटी, व्हीएसटी तथा व्हीव्हीटी टीमों द्वारा अभी तक की गई कार्यवाहियों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय पर गहन निगरानी रखी जाए। व्यय प्रेक्षक को कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे द्वारा विदिशा संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन संबंधी तैयारियों तथा कार्यो से अवगत कराया गया।

व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, व्यय लेखा टीम तथा संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी पूरी क्षमता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखें।

अभ्यर्थियों द्वारा सभाओं, रैली, प्रचार किया जा रहा हैं, उनकी अनुमति ली गई है या नहीं इसकी जांच करें। इस प्रकार के आयोजनों की व्हीव्हीटी टीम द्वारा पूरी वीडियो रिकार्डिंग की जाए तथा निर्वाचन व्यय का आंकलन कर कार्यवाही करें। उन्होंने निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी, बहुमूल्य धातुओं और निषिद्ध वस्तुओं के परिवहन को रोकने चेक पोस्ट पर वाहनों की सघन तलाशी लेने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों के सोशल मीडिया एकाउण्ट्स की भी मॉनीटरिंग के लिए कहा।

# जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन, सिलवानी रही विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित बैडमिंटल हॉल में किया गया। जिसमें सिलवानी के खिलाड़ियो ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया, विजयी खिलाड़ियों को पुरुष्कारो का वितरण किया गया।

प्रतियोगिता के दौरान सिंगल्स, डबल और वेटर्न्स डबल्स के मुकाबले खेले गए , जिसमें सिंगल्स में मोहम्मद अली सिलवानी ने यश राठौड़ रायसेन को पराजित कर अपने नाम किया। डबल्स ओपन टूर्नामेंट में अली और विशु ने रायसेन के जोंटी और सचिन को हराकर खिताब जीता।



वेटरन में सिलवानी के मोहम्मद तारिक और निखलेश राय ने रायसेन के गोपाल सुरमा और पार्टनर को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता प्रतिभागियो को पुरुष्कारो का वितरण अतिथियो के द्वारा किया गया। विजयी होने पर नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक डॉक्टर, डा. आरएस पटेल, राकेश राय, टिंकू चौरसिया, मुस्तकीम अहमद, पुनीत समैया, देवेंद्र श्रीवास्तव, राशिद, जावेद, मनीष आदि ने शुभकामनाएं दी।

# बारिश के कारण टैंकर सड़क से नीचे उतरकर मिट्टी में धंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर देर रात दाल मिल चौराहा दीवानगंज पर एक टैंकर अनियंत्रित होते हुए रोड से नीचे जाकर मिट्टी में दास गया गनीमत रही की कोई वाहन उसके आसपास नहीं था नहीं तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी। दीवानगंज क्षेत्र में 5 दिन से लगातार रात के समय बारिश हो रही है जिससे रोड से नीचे मिट्टी गीली हो चुकी है। टैंकर जब अनियंत्रित हुआ तब भी बारिश हो रही थी। टैंकर भोपाल से विदिशा जा रहा था जैसे ही दाल मिल चौराहा दीवानगंज पर पहुंचा तो उसे समय पानी गिर रहा था पानी हवा इतना तेज थी कि टैंकर चालक को सामने का वाहन दिखाई नहीं दिया।




टैंकर चालक पानी गिरने के कारण टैंकर पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे टैंकर रोड से नीचे उतारते हुए मिट्टी में जाकर धंस गया।

# अवैध शराब बेचने जा रहे युवक से पुलिस ने 18 क्वार्टर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

चुनाव के मद्देनजर जिले में शराब का अवैध व्यापार करने वाले आरोपियों के विरूद्ध रायसेन एसपी विकाश कुमार शाहवाल के दिशा निर्देशन में कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को सलामतपुर पुलिस को सूचना मिली की कोई युवक कोसाखेड़ी जोड़ आकाश पाल ढाबे के पास अवैध रूप से शराब बोरी में भरकर बेचने ले जा रहा है।

जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के निर्देशन में प्रधान आरक्षक गणेश सिंह रघुवंशी और प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा ने कोसाखेड़ी जोड़ के पास से घेराबंदी की और आरोपी




रोहित रैकवार पिता सेवाराम रैकवार उम्र 28 वर्ष निवासी होशंगाबाद हाल निवासी बेरखेड़ी चौराहा को 18 देसी शराब के क्वार्टर जिनकी कीमत लगभग बारह सौ साठ रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की कार्रवाई की।

थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि लोकसभा चुनावों के चलते और नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित जांच की जा रही है। इसके अलावा होटल, ढाबा सहित अन्य स्थानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जा रही है।

जांच में नशीले तथा मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। वहीं इनके खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ ही रोकथाम और जन समर्थन जुटाने के लिए गांव गांव जाकर स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

# बाबा साहेब अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित बरखेड़ी चौराहे पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ अंबेडकर की भव्य शोभायात्रा पंचशील बौद्ध विहार मंदिर से प्रारंभ हुई जो मुख्य मार्गो से होते हुए बेरखेड़ी चौराहे के सरकारी स्कूल पर समाप्त हुई। जहां देर शाम संगीतमय का प्रोग्राम हुआ।



शोभायात्रा में कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर जय भीम के नारे लगाए और 'जय भीम' गाने पर युवा खूब थिरके। कार्यकर्ताओं ने बताया कि बाबा साहेब एक महान व्यक्ति थे, जो अपने समाज के सभी अधिकारों के लिए बहुत ही लड़े। तब जाकर हमारे समाज को एक पहचान मिली और आजादी मिली।

हम लोग अपने समाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करेंगे, क्योंकि हमारा समाज पढ़ेगा तभी आगे बढ़ेगा।


## 10 घोड़ा बग्गी में श्रीराम के अलग-अलग स्वरूप में होंगे दर्शन, 28 ढोलों की प्रस्तुति

# रामनवमी : शोभायात्रा में श्रीराम के विभिन्न स्वरूप की सजेगी झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

रामनवमी पर श्री राम की शोभायात्रा में कई आकर्षक प्रस्तुति नगर में पहली बार देखने को मिलेगी शोभायात्रा में आने के लिए संगठन ने हर घर पीले चावल डाल दिए हैं और अनुरोध किया है। शोभायात्रा में आपकी भागीदारी हमारे मनोबल को शक्ति प्रदान करेगी संगठन के इस भगीरथ प्रयास की नगर में प्रशंसा हो रही है। लगातार दूसरी बार श्री राम शोभा यात्रा में संगठन द्वारा बड़े स्तर पर बदलाव किए गए हैं।

आकर्षण मनमोहक चित्रण की प्रस्तुति का दायरा बढ़ाया है श्री राम की शोभायात्रा का प्रचार प्रसार गांव गांव तक पहुंच चुका है प्रचार गाड़ी मैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श पर आधारित राम धुन के आधार पर उनका चित्रण किया जा रहा है। यह यात्रा ढाई किलोमीटर लंबी यात्रा बाल स्वरूप हनुमान जी महाराज के बालाजी धाम से प्रारंभ होगी। कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी जिसे देखने के लिए लोगों में उत्सुकता देखी जा रही है ।



### उत्सुकता लोगों में यूपी के बाहुबली हनुमान की झांकी

*शोभायात्रा में संगठन ने लोगों को उत्साह और उत्सुकता को बढ़ा दिया है हर कोई यूपी के बाहुबली हनुमान की आकर्षक झांकी देखने को व्याकुल है लोगों में चर्चा है यूपी के बाहुबली हनुमान के दर्शन करने का लोगों को सौभाग्य प्राप्त होगा संगठन की इस प्रस्तुति की नर और नारी में चर्चा है।*

### 28 ढोलो का सामूहिक प्रदर्शन

*भोपाल के कलाकारों शिव तांडव नृत्य पर्वती दर्शन मध्य प्रदेश भोपाल की जाने-माने कलाकारों द्वारा शोभायात्रा के पग पग में भगवान शिव की तांडव की मनमोहक प्रस्तुति की जाएगी इस प्रस्तुति में माता पार्वती के दर्शन का मनमोहक चित्रण किया जा रहा है जो लोगों की उत्सुकता को बढ़ा रहा है।*

### श्रीराम के विभिन्न स्वरूप के दर्शन

*शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रहेंगी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम विशाल प्रतिमा के साथ 10 घोड़ा बग्गी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अलग-अलग स्वरूप में दर्शन होंगेघोड़ा बग्गी संगठन की यह आकर्षक प्रस्तुति लोगों की उत्सुकता बढ़ा रही है। श्री राम की शोभायात्रा 17 अप्रैल को 6 :00 बजे बालाजी धाम से निकलेगी मंगलवार बाजार में समापन होगा शोभा यात्रा पर व्यापारी संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा से शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा।*

### 20 घोड़े का नृत्य प्रस्तुति

शोभा यात्रा में आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेंगे 20 घोड़े का सामूहिक नृत्य जाने-माने कलाकारों द्वारा घोड़ा नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी यह आम जनमानस के लिए उत्सुकता का विषय बना हुआ है।

### प्रयास की हो रही है प्रशंसा

डीजे घोड़ा बग्गी संगठन की पहल रंग ला रही है इस वर्ष संगठन द्वारा बेहतर प्रस्तुति की जा रही है नगर के लोगों में उत्सुकता देखी जा रही है।

### घर-घर दे रहे पीले चावल

श्री राम की शोभा यात्रा के लिए संगठन के पदाधिकारी घर-घर जाकर पीले चावल दे रहे हैं श्री राम की शोभायात्रा का आमंत्रण पीले चावल से दिया जा रहा है ।